प्रसार कार्य में नेता की भूमिका इस प्रकार है । यथा :

**1. समूह के लिए बोलनेवाला** (Group Spokesmen) : नेता अपने समूह के लिए काम करता है तथा उसकी जरूरतें, समस्याएँ तथा रुचियों को बताने वाला होता है । वह सबके सम्मुख अपने समूह की स्थिति को ठीक-ठीक ढंग से पेश करने वाला (Presenting faithfully & accurately) होता है । समूह जो भी अपनी जिम्मेदारी और अधिकार उस पर डालता है वह उसी को, संबद्ध व्यक्ति को बताता है । वह एक 'negotiator' का काम करता है ।

**2. समूह में सामंजस्य और अनुरूपता लानेवाला** (Group Harmonizer): सामाजिक समूह में विचारधाराओं में समानताएँ और विभिन्नताएँ दोनों ही पायी जाती हैं । प्रायः आपस में गलतफहमियाँ और रुचियों में विविधता भी रहती है । एक समूह के अन्दर मेल-जोल बनाए रखने के लिए, वह इस बात पर बल देता है कि लोगों में अधिक मामलों में समरूपता (uniformity) ही रहे । वह "Co-operative relationship" सदा बनाए रखता है । व्यक्तिगत विविधताओं की अपेक्षा समानताओं को प्रकाश में लाता है । रेड्डी ने लिखा है "But it should be remembered, that the role of the group harmonizer is to promote harmony in line with the basic purpose of the group, and not to promote for harmony sake" यदि कोई खास मुद्दे पर या विचारों में मतान्तर हो तो सबके सहयोग से शान्तिपूर्ण ढंग से उसे दूर करता है और सबके कल्याण को देखते हुए मध्य मार्ग खोज निकालता है । उसे विविध मतों के लोगों के बीच समय पड़ने पर मध्यस्थता भी करनी पड़ जाती है ।

**(3) समूह के लिए आयोजन करनेवाला** (Group Planner) : नेता समूह की जरूरतों और समस्याओं को समझता है । अतः वह इनके हेतु कार्यवाही का आयोजन और उसे कार्य रूप में लाने की पहल करता है । इसके लिए उसमें अपने समूह के संगठन और काम करने के तरीकों को गहराई से समझने की क्षमता (Social insight) होनी चाहिए । परन्तु उसे आयोजन सम्पूर्ण समूह की सहायता से ही करना चाहिए । समूह जब उसके निर्णय को अपना निर्णय समझता है तब ही कम मेहनत और कम समय में तेजी से काम बनता है । विचार और प्रस्ताव नेता रख सकता है परन्तु निर्णय समूह की सहायता से ही उचित है । रेड्डी के अनुसार, "If the members have helped in making the plans, then they will consider them "our" plans and the group will see that they are carried out."

**(4) समूह के लिए क्रियान्वयन कर्त्ता** (Group Executive) : समूह के निर्णय के उपरान्त, काम करते समय भी, नेता को, सबके द्वारा कार्य के सम्पादन में प्रगति पर, निगरानी रखनी पड़ती है । वह देखता है कि समूह के सभी काम लोकतांत्रिक ढंग से हो सकें और लोगों पर जो जिम्मेदारी डाली जाए वे उसे पूरा करें । "Individual responsibility" को लोगों के लिए परिभाषित करना, उसका धर्म और परम कर्त्तव्य है ।

**(5) समूह को सिखाने व बतानेवाला** (Group Educator) : नेता समूह को आवश्यक बातें सिखाने और पढ़ाने का भी काम करता है । वह सभी बातों का ज्ञान रखता हो यह संभव नहीं, परन्तु वह समय-समय पर विशेषज्ञों से विचार-विमर्श करके, अपने ज्ञान को संवर्धित कर सकता है । वह अपने ज्ञान और अनुभव को लोगों के साथ बाँटता है ।

Scanned with CamScanner

**(6) समूह का पथ-प्रदर्शक** (Group Guide) : नेता अपने समूह को समय-समय पर सही राह दिखाने का काम करता है । वह समूह की आकांक्षाओं और उद्देश्यों का प्रतीक (Symbol of group objectives and aspirations) होता है । उसकी सार्थकता और प्रतिष्ठा इसी में है कि इसके अनुयायी उसमें कितनी आस्था रखते हैं । (The leader's prestige rests upon the appreciative background of the followers), सम्पूर्ण समूह में उसके प्रति "acceptability"होनी चाहिए ।

**(7) समूह में अपनत्व लाने वाला** (Group Belongingness) : नेता अपने समूह के अन्दर ऐसी भावनाएँ जागृत करता है कि वे समूह से अपनत्व महसूस करते रहें और सम्पूर्ण समूह के लिए लाभकारी बातों के हेतु, निजी हितों का बलिदान करने को तैयार हो जाते हैं तथा अपने हठ के आगे समूह के लाभ को महत्व देने लगते हैं ।

**(8) समूह में सहभागिता बनाने वाला** (Group Participation) : नेता समूह के लोगों को, समूह के हितों के कामों में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है । वह सम्पूर्ण समूह को संगठित बनाए रखने का काम करता है । इसके लिए उसे "group interactor" भी होना जरूरी है जिससे लोगों और उसके बीच कोई व्यवधान नहीं रहे और सब उससे अपनी बात बेहिचक कह सकें ।

**(9) समूह के आदर्शों का प्रतीक** (Symbol of Group ideals): नेता अपने समूह के आदर्शों का प्रतीक होता है । हर सामाजिक समूह के कुछ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रतिमान (norms) और आदर्श होते हैं । नेता उनका प्रतिनिधित्व करता है तथा उनकी रक्षा में भी सहायक होता है । असफलता को स्वयं धारता है और लोगों को व्यथित नहीं होने देता है ।

**(10) समूह के विचार-विमर्श में अध्यक्षता का काम** (Group Discussion Chairperson) : नेता समूह के निर्णय से काम करता है । किसी कार्य के लिए लोग विचार-विमर्श करके ही निर्णय पर पहुँचते हैं । विचार-विमर्श में नेता अध्यक्ष का काम करता है । वह देखता है कि काम लोकतांत्रिक ढंग से हो और समूह में कोई कटु भावना उत्पन्न न होने पाए ।

**(11) समूह का निरीक्षक और पर्यवेक्षक** ( Group Supervisor) : नेता समूह के छोटे-मोटे संघटनों द्वारा, होने वाले समूह के हित के कार्यों पर भी निगरानी रखता है । ये कार्य समूह के विकास के लिए जरूरी होते हैं ।

**(12) समूह का हितचिन्तक** (Group Wellwisher) : नेता के हृदय में, अपने समूह का हित, सर्वोपरि स्थान पर रहना चाहिए । क्योंकि उसके अपने मिशन की सफलता लोगों के सहयोग पर आधृत रहती है । लोगों का पूर्ण सहयोग, तब ही मिल पाता है जब उनकी यह आस्था रहे कि उनका नेता उनका सबसे बड़ा हितचिन्तक है ।

**(13) सामूहिक हित के कार्यों का पहल करने वाला** (Group Initiator): कुछ काम जो समूह के लिए लाभकारी होते हैं, उन पर पहल करने में साधारण व्यक्ति डरता है । नेता में, कार्य की उपयोगिता के प्रति इतनी आस्था रहती है कि वह स्वयं उसे सबसे पहले आरम्भ करके दिखाता है । बाद में उसके समूह के लोग उसका अनुसरण करने को सहज ही तैयार हो जाते हैं ।

**(14) समूह को गतिशील बनाने वाला** (Group Mobilizer) : नेता समूह में गतिशीलता लाने का काम करता है । प्रायः समूह के लोग आलस्यवश काम नहीं करते हैं या

Scanned with CamScanner

काम को बीच में छोड़ देते हैं । ऐसी हालत में नेता उन्हें पुनः गतिशील होने के लिए तरह-तरह के उपाय लगा कर प्रेरित करता है । वह सभी भीतर-बाहर के संसाधनों (internal and external resources) का पूर्ण प्रयोग करता है ।

**(15) समूह का सहायक** (Group Helper) : नेता जिसको जैसी जरूरत आन पड़ती है उसमें उसकी सहायता करता है । जहाँ वह स्वयं नहीं कर पाता वहाँ वह प्रसार कार्यकर्त्ता और विशेषज्ञों की मदद से लोगों की सहायता करता है ।

**(16) समूह जागरण में सहायक** (Group Awakner) : नेता समूह को अज्ञानता के अन्धकार से बाहर निकालता है । उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताता है और उन्हें जागरूक बनाता है । वह समूह को विशेष पहचान और प्रतिष्ठा दिलाता है ।

**(17) समूह की नीति-निर्धारण करनेवाला** (Group Policy maker) : नेता समूह की नीतियों के निर्धारण का भी काम करता है । इस कार्य में वह अपने मत को जबरन सब पर नहीं लादता है । बल्कि सबके साथ मिलकर लोकतांत्रिक ढंग से समूह की नीति निर्धारित करता है और उसी पर समूह का कार्य करता है और करवाता है । वह कार्य-प्रणाली और सम्पूर्ण प्रक्रिया को भी सभी के सलाह मशविरे से ही निर्धारित करता है ।

**(18) समूह के लिए विशेषज्ञ** (Group Expert) : नेता समूह के लिए विशेषज्ञ के रूप में रहता है । जहाँ जिसे जैसी जरूरत पड़े वहाँ उसे, उसकी मदद करनी होती है इसके लिए उसे जन-जीवन से सम्बन्धित सभी पक्षों की आधुनतन जानकारी रखनी पड़ती है । उसमें इस पक्ष पर उच्च स्तर की बौद्धिक क्षमता, पूर्व दृष्टि और स्पष्ट दृष्टि (Intelligence, insight and clarity of vision) होती है ।

**(19) समूह का प्रतिनिधित्व करनेवाला** (Group Representative): समूह का नेता सभी मामलों में सम्पूर्ण समूह का प्रतिनिधित्व करता है विशेष रूप से तब, जब उसे किसी कार्यवश समूह की बात कार्यकर्त्ता अथवा प्रशासन तक पहुँचानी होती है । जब विशेषज्ञों के प्रोग्राम के प्रोजेक्ट चलते हैं तब भी वह अपने समूह की जरूरतें, समस्याएँ आदि को समूह के प्रतिनिधि के रूप में ही पेश करता है । वह समूह की भावनाओं और विचारों के प्रति सदैव संवेदनशील रहता है और उसी का ध्यान रखते हुए, उनका प्रतिनिधित्व करता है । वह समूह के उद्देश्य, गोल, प्रयोजन आदि सभी का प्रतिनिधि होता है । वह समूह को अपने अच्छे नेतृत्व से गरिमा प्रदान करता है।

**(20) समूह का प्रेरक** (Group Motivator): समूह के लिए नेता, एक प्रेरक के रूप में काम करता है । समूह के लोग नेता को देखकर ही किसी नए काम को करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं । नेता को देखकर, नेता से सुनकर, वे आश्वस्त हो लेते हैं कि यह काम उनकी कोई हानि नहीं करेगा बल्कि उनका लाभ ही करेगा । समूह में नेता के अनुसरण की प्रवृत्ति स्वभाव सिद्ध रहती है । नेतृत्व के प्रभाव से लोग अपनी विचारधारा, आस्था आदि की , अपनी परीक्षा आप, लेना सीखते हैं, जाँचते-परखते हैं और समस्याओं को समझते हैं तथा समाधान हेतु अपने कौशल और प्रवीणता को बढ़ाते हैं । समूह के लिए उसे "Source of inspiration" होना चाहिए ।

Scanned with CamScanner